प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में नवागंतुक समारोह का आयोजन

पंतनगर। 30 सितम्बर 2024। विश्वविद्यालय में होम साइंस सोसाइटी द्वारा नवागंतुक विद्यार्थियों के आगमन पर 'उषाउभव 2024' समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा. आभा गर्खाल, नियंत्रक; डा. दीपा विनय कुलसचिव, डा. अलका गोयल, अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय; डा. ए.एस. जीना अधिष्ठात्रा छात्र कल्याण एवं संकाय सदस्य मौजूद थे। फ्रेशर्स में आयोजित कार्यक्रमों का शुभारम्भ अतिथिगण ने दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकगण मंत्रमुग्ध हुए। कार्यक्रम में मिस्टर एवं मिस फ्रेशर का कैटवॉक के द्वारा चयन मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। कार्यक्रम के दौरान द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा भी प्रथम वर्ष के लिए एक मनोरंजक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मिस्टर फ्रेशर का खिताब प्रांजल तथा मिस फ्रेशर का खिताब खुशी को दिया गया। डा. दीपा विनय, डा. अलका गोयल एवं डा. ए.एस. जीना द्वारा छात्र–छात्राओं को पठन–पाठन के लिए मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थियों द्वारा डा. सेफाली मैसी स्टाफ काउंसलर एवं डा. दिव्या सिंह को स्टाफ काउंसलर के नेतृत्व में किया गया। होम साइंस सोसाइटी की को–स्टाफ काउंसलर डा. दिव्या सिंह ने सभी अतिथियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करती अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान।

निदेशक संचार